**दिनांक : 12.01.2025** **समय : 07.10 PM**

## आकाशवाणी भोपाल

मुख्य समाचार -

- प्रधानमंत्री ने विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम में कहा-युवा शक्ति भारत को जल्द ही बनाएगी विकसित राष्ट्र।
- मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना योजना के तहत जनवरी माह की किस्त की जारी।
- राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रदेश में युवा शक्ति मिशन की हुई शुरूआत।
- प्रयागराज में कल से होगी महाकुंभ-2025 की होगी शुरूआत।

प्रधानमंत्री- युवा नेता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की युवा शक्ति जल्द ही उसे एक विकसित राष्ट्र बनाएगी। आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 के अवसर पर बोलते हुएए उन्होंने कहा कि भारत की युवा शक्ति उल्लेखनीय परिवर्तन ला रही है। शुक्रवार को शुरू हुए तीन दिवसीय विकसित भारत युवा नेता संवाद ने युवाओं को विकसित भारत के लिए अभिनव समाधान प्रस्तुत करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान किया। इस कार्यक्रम के दौरान श्री मोदी ने देश भर के तीन हजार गतिशील युवा नेताओं से बातचीत की। युवाओ से संवाद में श्री मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि भारत की युवा शक्ति का सामर्थ्य देश को जल्द से जल्द विकसित देश बनाएगा।

मुख्यमंत्री-कालापीपल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज शाजापुर जिले के कालापीपल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की 1.27 करोड़ महिलाओं के खातों में 1553 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की। साथ ही 55 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों के खातों में 335 करोड़ रुपये और 26 लाख बहनों को सिलेण्डर रीफिलिंग के लिये दी जाने वाली राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने ने 10 करोड़ 11 लाख राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किये गये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कालापीपल तहसील को राजस्व अनुभाग बनाने तथा पोलायकलां उप मंडी को मुख्य मंडी बनाए जाने की घोषणा की। उन्होंने कालापीपल में 15 ग्रामीण सड़कों के निर्माण और 11 गाँव के नाम बदलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार निरंतर गरीब कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2003-4 में जहां प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 7500 रुपए वार्षिक थीए आज बढ़कर 1 लाख 40 हजार रुपए हो गई है। हर व्यक्ति को 24 घंटे बिजली मिल रही है।

सूर्य नमस्कार

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आज प्रदेश में सामूहिक सूर्य नमस्कार सहित कई अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भोपाल के शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालयए में आयोजित ‘‘राज्य स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम‘‘ में हिस्सा लिया। इंदौर में मुख्य कार्यक्रम आरएपीटीसी ग्राउंड महेश गार्ड लाइन में आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के संदेश का प्रसारण किया गया। करीब 4 हजार छात्रए छात्राएंए शिक्षक शामिल रहे। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट भी मौजूद रहे। बैतूल जिले के समस्त शिक्षण संस्थानों में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंज बैतूल में आयोजित हुआ। अशोक नगर में उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम

कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीहोर में प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर सभी कार्यक्रमों में आकाशवाणी के माध्यम से राष्ट्रगीतए ष्स्वामी विवेकानंद जी की वाणीए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का रिकॉर्डेड संदेश तथा सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का प्रसारण भी सुना गया। शिवपुरी में पुलिस परेड ग्राउंड में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम हुआ। इसी तरह शहडोलए आगरमालवा सहित अन्य जिलों से भी कार्यक्रमों के समाचार मिले हैं।

युवा शक्ति मिशन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर ‘‘स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन‘‘ आरंभ किया। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति के लिए युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक दिशा देने के उद्देश्य से इस मिशन का शुभारंभ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने मिशन के थीम साँग तथा युवाओं को विभिन्न विभागों की जानकारियां प्रदान के उद्देश्य से विकसित युवा पोर्टल भी लोकार्पित किया साथ ही उमंग वेलनेस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशनए प्रदेश के युवाओं के सपनों को साकार करने में राज्य शासन की ओर से आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने की दिशा में एक कदम है। उन्होंने कहा की युवाओ को मांगने वाला नहींए नौकरी देने वाला बनना चाहिए।

सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव कल उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम में शिप्रा को प्रवाहमान बनाने 614.53 करोड़ रूपये की सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना का भूमिपूजन करेंगे। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगें। सिंहस्थ 2028 दृष्टिगत सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना शिप्रा को प्रवाहमान रखने की इस परियोजना के पूर्ण होने पर शिप्रा में सालभर निर्बाध रूप से जल उपलब्ध रहेगा।

महाकुंभ

प्रयागराज में कल पौष पूर्णिमा पर पहले अमृत स्नान के साथ महाकुंभ की शुरुआत होगी। 26 फरवरी तक चलने वाले महाकुंभ के लिए लाखों श्रद्धालुए तीर्थयात्री और आगंतुक शहर में पहुंच चुके हैं। सरकार ने आयोजन को सुरक्षितए संरक्षित और यादगार बनाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। इस बीच महाकुम्भ प्रयागराज में आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यासए मध्यप्रदेश द्वारा अद्वैत वेदान्त दर्शन के लोकव्यापीकरण के उद्देश्य से आज से 12 फरवरी तक ‘‘एकात्म धाम शिविर‘‘ का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में अद्वैत वेदान्त पर केन्द्रित संवादए श्रवणए मननए संत समागमए सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुस्तक प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

महाकुंभ ’मध्यप्रदेश मण्डप’

प्रयागराज में कल से शुरू हो रहे महाकुंभ मेले में संस्कृति विभाग द्वारा मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक धरोहरए मंदिरोंए साहित्य के साथ फिल्मों एवं नृत्यए गायनए वादन और अन्य को प्रदर्शित करने वाला ’मध्यप्रदेश मण्डप’ तैयार किया गया है। जिसमें प्रदेश के कलाकारों को प्रतिदिन प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया जा रहा है। इस मण्डप में महाकालेश्वरए ओमकारेश्वरएए खजुराहोए हरसिद्धि मंदिरए भीम बैठिकाए सांचीएसहित अन्य मंदिरो की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही देवी अहिल्या बाई की 300वीं जन्म शताब्दी पर अहिल्याघाट को प्रदर्शित करता मंच भी तैयार किया गया है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश जिलों में आज वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार भोपालए इंदौरए जबलपुरए नर्मदापुरम और सागर संभागों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए बैतूलए सतनाए जबलपुरए छतरपुर सहित 26 जिलों में बारिश का अनुमान जताया है। साथ ही इन जिलों में कुछ स्थानों पर बिजली गिरने के लिए यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। इस बीच प्रदेश के अधिकांश जिलों में ठंड से राहत है। सबसे कम तापमान मंडला में 7 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह भोपाल में 14 दशमलव 4 डिग्री रहाए जो सामान्य से अधिक है। मौसम विभाग ने 2 दिन बाद फिर से प्रदेश में ठंड का नया दौर प्रारंभ होने संभावना जताई है।

समाचार संक्षेप

ऽ भारत की महिला क्रिकेट टीम ने आयरलैंड को दूसरे एक दिवसीय मैच में 116 रनों से हरा दिया है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 70 रन बनाए। जिसके जवाब में आयरलैंड की टीम 7 विकेट पर 254 रन ही बना पाई। भारत ने श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त ले ली है।

ऽ भोपाल के मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में संभावना गतिविधि के तहत आज भगौरिया और लाठी नृत्य की दी गई प्रस्तुतियां। साथ ही आल्हा गायन का भी किया गया आयोजन।

ऽ देवास जिले में नरवाई न जलाने के संबंध में जागरूकता अभियान के तहत कृषक संगोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आज टोंकखुर्द विकासखंड की ग्राम पंचायत बरखेड़ा में कृषकों को नरवाई नहीं जलाने की शपथ दिलाई गई।

ऽ भारत सरकार के शहरी कार्य मंत्रालय की संयुक्त सचिव रूपा मिश्रा ने आज इंदौर शहर में कचरा संग्रहण और उसके निपटान की व्यवस्था को देखा। उन्होंने कहा कि इंदौर का जीरो वेस्ट मॉडल देश के दूसरे शहरों के लिए अनुकरणीय है।

ऽ शहडोल जिले में जल संसाधन विभाग के लगभग ढाई हजार करोड़ के माइक्रो इरिगेशन प्रस्ताव को शासन से मंजूरी मिल गई है। इसमें सोन नदी पर 4 बैराज बनाकर लगभग 50 हजार हेक्टेयर जमीन पर सिंचाई की सुविधा दी जाएगी।

--------------------